## एक नजर में

### तीन पुलिया रेल्वे ओवर ब्रिज की ड्राईंग डिजाईन का हुआ अनुमोदन

**खण्डवा ।** खण्डवा शहर में निर्माणाधीन तीन पुलिया आर.ओ.बी. के रेल्वे वाले हिस्से कमश: सेन्ट्रल रेल्वे 2637 मीटर एवं साउथ सेन्ट्रल रेल्वे 44.50 मीटर स्पान की छठवीं बार निविदा आमंत्रण के पश्चात वर्क आर्डर माह फरवरी 2025 में पृथक-पृथक जारी किये गये थे। सेतु उप संभाग खण्डवा के अनुविभागीय अधिकारी विनोद बरकने ने बताया कि सबस्ट्रक्चर एवं सुपरस्ट्रक्चर की ड्राईंग डिजाईन निविदाकार के द्वारा मैनिट भोपाल से प्रूफ चेकिंग करवाकर कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल को प्रस्तुत की। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल द्वारा अप्रैल 2025 में डिप्टी मुख्य अभियंता (डिजाईन) सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई को ड्राईंग डिजाईन अनुमोदन हेतु भेजा गया। डिप्टी मुख्य अभियंता (डिजाईन) सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई द्वारा सुपर स्ट्रक्चर की ड्राईंग डिजाईन में संशोधन दिनांक 02.06.2025 एवं सुपरस्ट्रक्चर की ड्राईंग डिजाईन में संशोधन हेतु दिनांक 08.07.2025 को लेख किया। समस्त संशोधनो का निराकरण करते हुए ड्राईंग डिजाईन को लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा दिनांक 12.09.2025 को पुन: डिप्टी मुख्य अभियंता (डिजाईन) सेन्ट्रल रेल्वे मुम्बई को प्रेषित की गई थी। तत्पश्चात 8 अक्टूबर 2025 को सेन्ट्रल रेल्वे द्वारा ड्राईंग डिजाईन का अनुमोदन कर दिया गया है। सेतु उपसंभाग खण्डवा द्वारा कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षाओं का प्रवेश उत्सव






**छैगांवमाखन ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला खंडवा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक क्षमता विकास कार्यक्रम विकासखंड छैगांवमाखन में प्रवेश उत्सव के साथ कार्यक्रम मनाया गया । जिसमें राजकुमार मालाकार के द्वारा पाठ्यक्रम की रूपरेखा बताई गई । मेंटर प्रभु मसानी के द्वारा एकात्म मानव वाद पर चर्चा की गई ,चिंताराम जगताप के द्वारा समाज कार्य के अध्ययन को प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का मार्ग है । मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जगदीश पटेल के द्वारा युवाओं को राजनीति में काम करने और प्रजातंत्र को मजबूत करने पर जोर दिया गया है साथ की प्रकृति के दोहन पर भी चर्चा की गई की हम धरती को कुछ भी देकर नहीं जाएंगे हमे धरती को बचाने के प्रयास करने होंगे क्योंकि प्राकृतिक संसाधनों का अधिक दोहन होने से हमारे पास प्राकृतिक संसाधन कम होते जा रहे है । साथ ही भारत में निर्मित स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए क्योंकि भारत में विदेशी कम्पनियों के समान का बोलबाला हो रहा है यदि हमारी अर्थव्यवस्था पर विदेशियों का कब्जा होगा तो देश गुलाम हो सकता है इसलिए स्वदेशी उपतादों के देश को मजबूत करना चाहिए । इस अवसर पर ग्राम सरपंच लखनलाल गोलकर, बरखा पाटीदार प्राचार्य सांदीपनी विद्यालय छैगांव माखन,सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन मेंटर राहुल यादव ने किया आभार मेंटर मूलचंद मौर्य ने माना।

### दीपावली त्यौहार के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु शहर में नो व्हीकल जोन,पार्किंग व्यवस्था



**खंडवा।** दिनांक 14.10.2025 व 15.10.2025 को पुष्य (पुख)नक्षत्र खरीदी शुभ मुहूर्त होने के कारण एवं दिनांक 18. 10. 2025 से 23.10.2025 को शहर मे धनतेरस, दीपावली का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसमे शहर के मुख्य बाजार मे खरीदारी करने हेतु उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने एवं आम जनता के आवागमान की सुविधा हेतु यातायात पुलिस द्वारा अलग से यातायात प्लान, रूट डायवर्जन, नो व्हीकल जोन, पार्किंग एरिया इत्यादि व्यवस्था की गई है । इस दौरान सभी मुख्य मार्गों पर भारी भीड़ एवं यातायात को नियंत्रित करने हेतु शहर की यातायात व्यवस्था में आंशिक संशोधन किया गया है, जो निम्नानुसार है। **नो व्हीकल जोन :** रेलवे तिराहे से नगर निगम तक, तौलकांटा से शिवाजी चौक तक, घंटाघर से सराफा गली होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर (सराफा बाजार)। **पार्किंग व्यवस्था :** गांधी भवन पार्किंग- चार पहिया वाहन पार्किंग गांधी भवन में रहेगी। दधीच पार्क- दो पहिया वाहन पार्किंग दधीच पार्क में रहेगी। पुरानी अनाज मंडी- दो/चार पहिया वाहन पार्किंग पुरानी अनाज मंडी में रहेगी। शेष यातायात व्यवस्था यथावत रहेगी। **नोट :** अत्याधिक यातायात दबाव सुगम यातायात हेतु दो पहिया वाहनों को भी प्रतिबंधित किया जावेगा7 समस्त राहगीर खरीदारी करने हेतु मुख्य बाजार मे आते समय यातायात संबंधी समस्याओ से बचने के लिए दो पहिया वाहनों का उपयोग करे एवं निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें ।

### खालवा में जीएसटी सम्मेलन




**खालवा।** खालवा में रविवार को केंद्रीय जनजातीय कार्य विभाग के राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके और प्रदेश सरकार के जनजातिय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह की उपस्थिति में जीएसटी सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी होने से देश के नागरिक काफी आर्थिक राहत महसूस कर रहे हैं । जीएसटी की दरों में कमी से नागरिकों के खर्चों में कमी आ रही है और इससे होने वाली आर्थिक बचत से वे अतिरिक्त सामग्री खरीद रहे हैं और घर-घर में खुशहाली आ रही है। मंत्री विजय शाह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी की दरों में कमी होने से वस्तुएं सस्ती हुई हैं, जिससे उपभोक्ताओ को आर्थिक बचत महसूस हो रही है। बचत की इस राशि से उपभोक्तागण अपनी जरूरत की नई-नई सामग्री खरीद रहे हैं । जिससे अर्थव्यवस्था में गति आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों की 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को आयकर से मुक्त करने के निर्णय से भी देश के नागरिकों ने काफी राहत महसूस की है। कार्यक्रम में जीएसटी विशेषज्ञ और कर सलाहकार मौसम गंगराड़े ने उपस्थित व्यापारियों को जीएसटी दरों में कमी होने से नागरिकों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से समझाया।

# किशोर की समाधि से घर तक शहर में अजीब ऊर्जा का संचार




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। प्रदेश सरकार संस्कृति के क्षेत्र में लगभग 32 राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मान प्रदान कर रही हैं। इन सम्मानों में राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान भी एक है। खंडवा में यह सम्मान प्रख्यात गीतकार प्रसून जोशी को 14 अक्टूबर को दिया जा रहा है। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिन पहले से ही हरफनमौला किशोर कुमार की याद में श्रद्धांजलि स्वरुप बड़े आयोजन और संगीत की महफिलें शुरू हो गई हैं। किशोर समाधि से लेकर किशोर कुमार के घर और गली मोहल्ले में भी उनके गीत सड़कों पर गाते हुए लोग नजर आ रहे हैं।**

प्रसून जोशी को पांच लाख की सम्मान राशि के साथ शाल श्रीफल एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जाएगी। खंडवे के लिए गर्व का विषय है,कि मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के द्वारा वर्ष 1997 से राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रदेश सरकार द्वारा सिनेमा के क्षेत्र में निर्देशन, अभिनय,पटकथा, कथा लेखन के लिए यह सामान प्रदान किया जाता है।

### सीएम मोहन यादव भी पहुंचेंगे

14 अक्टूबर के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश शासन के मंत्री कुंवर विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ,विधायक कंचन मुकेश तनवे, नारायण पटेल, छाया मोरे, महापौर अमृता अमर यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे ,प्रसिद्ध गायक हेमंत कुमार एंड पार्टी की आर्केस्ट्रा संगीत निशा एवं किशोर कुमार राष्ट्रीय सम्मान पुरस्कार में शामिल होंगे।

### सुबह खंडवा पहुंचेंगे प्रसून जोशी



समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस साल 2024 25 का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान देश के प्रसिद्ध कवि गीत लेखन प्रसून जोशी को किशोर दा की पुण्यतिथि के अवसर पर 14 अक्टूबर को किशोर दा की जन्मस्थली खंडवा के पुलिस ग्राउंड पर शाम 7 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, संस्कृति पर्यटन एवं धर्मस्य एवं प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं जनप्रतिनिधियो के हाथों पांच लाख रुपए की सम्मान राशि के साथ शाल श्रीफल एवं सम्मान पट्टी का भेंट की जाएगी।

### राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान

1. हृषिकेश मुखर्जी निर्देशन 1997-98
2. नसीरूद्दीन शाह अभिनय 1998-99
3. गुलजार पटकथा 1999-00
4. कैफी आजमी गीत लेखन 2000-01
5. बी.आर. चोपड़ा निर्देशन 2001-02
6. अमिताभ बच्चन अभिनय 2002-03
7. गोविंद निहलानी पटकथा 2003-04
8. जावेद अख़्तर गीत लेखन 2004-05
9. श्याम बेनेगल निर्देशन 2005-06
10. शत्रुघ्न सिन्हा अभिनय 2006-07
11. मनोज कुमार पटकथा 2007-04
12. गुलशन बावरा गीत लेखन 2008-00
13. यश चोपड़ा निर्देशन 2009-10
14. देव आनन्द अभिनय 2010-11
15. सलीम खान पटकथा 2011-12
16. समीर गीत लेखन 2012-13
17. सई परांजपे निर्देशन 2013-14
18. दिलीप कुमार अभिनय 2014-15
19. रूमी जाफरी पटकथा 2015-16
20. योगेश गीत लेखन 2016-17
21. प्रियदर्शन निर्देशन 2017-18
22. वहीदा रहमान अभिनय 2018-19
23. अशोक मिश्रा पटकथा 2019-20
24. अमिताभ भट्टाचार्य गीत लेखन 2020-21
25. विवेक रंजन अग्निहोत्री निर्देशन 2021-22
26. धर्मेन्द्र देओल अभिनय 2022-23
27. राजकुमार हिरानी पटकथा 2023-24
28. प्रसून जोशी गीत लेखन 2024-25

## नागपुर के मनीष और अश्विनी ने किशोर दा को साक्षी मानकर एक दूसरे को वरमाला पहनाई

**नवभारत न्यूज**

खंडवा। देश के महान गायक हरफनमौला कलाकार किशोर दा की 13 अक्टूबर को 38 वी पुण्यतिथि है। किशोर दा की समाधि पर देशभर के किशोर प्रेमी संगीत प्रेमी नमन और गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि तो देते हैं । लेकिन पहली बार समाधि पर एक नई दीवानगी देखने को मिली जब किशोर प्रेमी दादा की समाधि पर एक दूसरे के हो गए।

समाजसेवी और किशोर प्रेरणा मंच की प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर दा किशोर दा के जन्म 4 अगस्त और 13 अक्टूबर उनकी पुण्यतिथि पर दादा की जन्म स्थली खंडवा में उनकी समाधि पर देशभर से किशोर प्रेमी पहुंचते हैं। 13 अक्टूबर सोमवार को किशोर दा की पुण्यतिथि के अवसर पर एक अनोखा कार्य पहली बार समाधि स्थल पर हुआ। दो किशोर प्रेमीयो ने समाधि पर भगवान श्री गणेश की वंदना करते हुए किशोर किशोर दा को देव तुल्य मानते हुए किशोर दा की समाधि एवं प्रतिमा के सामने उन्हें साक्षी मानकर एक दूसरे के किले में माला डालकर विवाह के बंधन में बधं गए और एक दूसरे के हो गए।



समाजसेवी सुनील देना बताया कि समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बताया कि नागपुर महाराष्ट के रहने वाले किशोर भक्त नागपुर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने वाले अविनाश सेकपुरे अपनी पत्नी जानकी और दोस्त मनीष के साथ पुण्यतिथि के अवसर पर खंडवा किशोर दा की समाधि स्थल पर पहुंचे जहां जो उन्होंने किशोर दा को शाल उड़ाकर गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की वही उनकी उपस्थिति में मनीष भोयर और अश्विनी ने किशोर कुमार की समाधि स्थल पर किशोर प्रेमियों की उपस्थिति में एक दूसरे को वरमाला पहनाई।

### खंडवा में किशोर कुमार की समाधि पर दो किशोर प्रेमी एक दूसरे के हुए, समाधि पर दीखी दीवानगी

मनीष का कहना है कि हम दो वर्ष पहले दादा की समाधि पर आए थे जिसके बाद मेरी जिंदगी अच्छे बदलाव देखने को मिले। तो हमने यह तय किया कि कुछ भी हो हम किशोर दा के सामने ही एक दूसरे को अपना जीवन साथी बनाकर नया जीवन शुरू करेंगे। अश्विनी ने बताया कि हम कलाकार है हम किशोर कुमार के गाने सुनते और उनके गीत गाते हे ।

## जिलाबदर होने के बाद भी घूम रहा था शहर में,एक साल की हुई सजा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले और सीमावर्ती जिलों की सीमा से बेदखल यानी जिला बदर किया गए व्यक्ति को फिर से खंडवा में घूमते हुए पुलिस ने पकड़ा। दरअसल किसी ने मुखबिरी कर दी थी कि रामेश्वर टेकरा का समीर जिला बदर किया गया है, लेकिन वह बस स्टैंड और उसके घर के बीच बेखौफ घूम रहा है। पुलिस ने रणनीति बनाई और उसे पकड़ लिया। आरोपी को फिर से न्यायालय में पेश किया गया था।



जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी समीर को 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ज्योतिसिंह टेकाम खण्डवा की न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी समीर पिता फजल मोहम्मद, उम्र 36 वर्ष, निवासी रामेश्वर टेकडा, थाना मोघटरोड़ जिला खण्डवा को यह सजा सुनाई।

## मूंदी के सलमान ने यूवती से की छेड़छाड़,भेजा गया जेल



**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। मूंदी में एक छात्रा से छेड़छाड़ करने और पैसे मांगने वाले सलमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर खंडवा जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ महिला संबंधी अपराध होने के कारण पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में सख्ती से कार्रवाई के लिए कहा था।**

एक युवती ने फरियादीया ने थाना मूंदी में आरोपी सलमान के विरुद्ध छेड़खानी एवं पैसे मांगने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 448/25 धारा 75(1) (i),78, 119(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कराया था। आरोपी को न्यायालय पुनासा पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल खण्डवा भेजा गया।

## सद्भावना मंच ने गीतों से दी श्रद्धांजलि




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सद्भावना मंच ने किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर एक स्मरण कार्यक्रम आयोजित कर उनको गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि किशोर दा के नाम से खंडवा शहर को देश के कोने कोने में जाना जाता है। उनके प्रशंसकों की संख्या करोड़ों में हैं। उनके गाए हुए गीतों के माध्यम से वे सदैव हमारे बीच रहेंगे। वे विश्व विख्यात और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

मंच के सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि इस स्वरांजली में संस्थापक प्रमोद जैन,आनंद तोमर, ज च चौरे,गणेश भावसार, सुरेन्द्र गीते,ओम पिल्ले, प्रियंक पाठक, राजा शर्मा, विजया द्विवेदी, अशोक पारवानी,सुनील सोमानी, राधेश्याम शाक्य, त्रिलोक चौधरी, मुरली कोडवानी,योगेश गुजराती, राजेश पोरपंथ,सुभाष मीणा, कैलाश पटेल एवं आदि उपस्थित रहे।

**श्रद्धाजंलि कार्यक्रम** — **हमारे दिलों में बसे हैं किशोर दा जीवंत है और सदैव जीवंत रहेंगे-डॉक्टर निशांत खरे**

## किशोर दा की पुण्यतिथि पर किशोर समाधि पर चढ़ाए श्रद्धा सुमन

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। देश ही नहीं विश्व का एक ऐसा गायक कलाकार जो नहीं रहते भी गीतों के माध्यम से हमारे बीच में है, किशोर दा जीवंत हैं और सदैव जीवंत रहेंगे। मेरा सौभाग्य है कि आज मैं दादा की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन करने पहुंचा हूं। यह बात राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त पूर्व युवा आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर निशांत खरे ने किशोर दा की समाधि स्थल पर कहीं श्री खरे ने कहा कि हमारी सरकार ने समाधि और स्मारक का निर्माण करवाया है उनके मकान को लेकर भी हम प्रयास करेंगे कि वहां स्मारक बने।**

इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि किशोर दा अमर है और अमर रहेंगे। हम सबके लिए हर्ष का विषय है कि खंडवा की जन्मस्थली में जन्म लेकर उन्होंने गीतों के माध्यम से खंडवा का नाम देश विदेश में रोशन किया। जिस प्रकार संगीत व किशोर प्रेमी किशोर दा को भारत रत्न देने की मांग कर रहे हैं मेरा भी इसमें समर्थन है ऐसे महान कलाकार को भारत रत्न मिलना चाहिए किशोर दा के मकान को लेकर भी मैंने मुख्यमंत्री जी से चर्चा की है कुछ ना कुछ हल जरूर निकलेगा।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच खण्डवा द्वारा नगर पालिक निगम खण्डवा के सहयोग से हरफ़नमौला कलाकार किशोर कुमार जिसने खण्डवा को विश्व मे गौरवान्वित किया ऐसे कलाकार की 39



वी पुण्यतिथि पर सुबह समाधि स्थल पर फूलों से समाधि की आकर्षक सजावट के साथ ही सुरमई श्रद्धाजंलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला,सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता के नेतृत्व में प्रात: किशोर दा की समाधि पर सुरमई श्रद्धांजलि में सम्पूर्ण देश से आये किशोर प्रेमियों ने अपनी सुरमई श्रद्धाजंलि दी। किशोर कुमार जीवंत है और सदैव जीवंत रहेंगे। इसलियें उनके जन्मदिन व पुण्यतिथि को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

भाजपा के वरिष्ठ प्रादेशिक नेतृत्व खरे,खण्डवा विधान सभा की विधायक कंचन मुकेश तनवे,एसपी मनोज़ राय, पंधाना के पूर्व विधायक राम दंगोरे,सांसद प्रतिनिधि अमर यादव धर्मेंद्र बजाज प्रियांशु चोरै, आशीष चटकेले ने किशोर दा की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। समाधि के पास बने मंच पर श्री खरे ने --- विधायक कंचन तनवे ने जिंदगी के सफर में, पुलिस अधीक्षक मनोज रॉय ने आ चल के तुझे में ले चलू, राम दांगोरे ने जिंदगी आ रहा हु, अमर यादव ने पिता हुकुमचंद यादव का अनुसरण करते हुए मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है गीत की प्रस्तुति दे कर श्रद्धांजलि दी ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोज राय निगम उपायुक्त सचिन सिटोले राधेश्याम उपाध्याय किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला,उपाध्यक्ष आशीष चटकेले,सुनील सकरगाये,सचिव नारायण बाहेती,सक्रिय वरिष्ठ सुरेंद्रसिंह सोलंकी,शरद खण्डेलवाल,अनिल बाहेती,अनुराग राठौर,सुनील जैन, भूपेंद्रसिंह चौहान ,नानकराम बजाज, लायन्स, रोटरी, जेसीआई व समाजसेवी संस्थाओं व सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्यों ने किशोर कुमार की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। अनेको बार किशोर दा की समाधि पर आने वाले द्वारका सोनी राजकोट ने बेकरार दिल तू गाये जा,की प्रस्तुति दी। राजू पंजाबी उज्जैन ने अपनी विशेष अदा में अपनी तो जैसे तैसे ना कोई उपर नीचे की प्रस्तुति दी। सतीश अम्बोरे परतवाड़ा ने दिल से मिले दिल मिल गए, आगरा से पधारे आशीष त्रिपाठी मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू गीत की प्रस्तुति दी।

## 98 लीटर अवैध शराब जप्त

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर 28 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 23 प्रकरणों मे 26 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण मे 02 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 06 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 03 गिरफ्तारी,10 जमानती वारंट, 12 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पदमनगर के आरोपी 1. राज पिता पूनमचंद वर्मा जाति सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी शिवाजी नगर दादाजी वार्ड खण्डवा, 2. सुशील उर्फ अक्कू पिता पूनमचंद निवासी सदर के कब्जे से 09 खाकी रंग के कार्टून (पैटी) मे रखी देशी प्लेन मदिरा शराब के क्वार्टर प्रत्येक कार्टून (पेटी) मे 50 क्वार्टर इस प्रकार 450 देशी प्लेन मदिरा के क्वार्टर 81 ली. कीमती 33,750/-रूपए की बिना लायसेंस के अवैध रखे पाया गया, जिससे धारा 23 बीएसए का मेमोरेंडम लिया गया,जिसमे उसने अपने भाई सुशील उर्फ अक्कू द्वारा अवैध शराब बेचने का काम करना व वहां तक शराब लाने मे मदद करना बताया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पदमनगर में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

थाना पिपलोद के आरोपी ईश्वर पिता चंपालाल जाति कोरकु उम् 40 साल निवासी गम छिरवा के कब्जे से 07 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 700/-रूपए की जप्त की गई। आरोपी कहारीया पिता मांगु जाति बारेला उम् 34 साल निवासी ग्राम डेहरिया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 1500 /-रूपए की जप्त की गई। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।